समाहरणालय सिमडेगा
(पंचायत शाखा)

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 08.10.2021 को उपायुक्त, सिमडेगा की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला स्थापना समिति की बैठक में लिए गए निर्णय एवं निदेशक–सह–संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग (पंचायती राज) झारखण्ड, रांची के पत्र संख्या –447 दिनांक 25.02.2021 एवं विभागीय अधिसूचना संख्या – 395 दिनांक–19.02.2021 तथा पत्रांक 410 दिनांक– 22.02.2021 के आलोक में 15वें वित्त आयोग अनुदान अन्तर्गत अनुमान्य अनिवार्य गतिविधियों के संचालन के निमित पंचायतों में ग्रामीण निवासियों को सेवाएं प्रदान करने के क्रम में पंचायतों में कनीय अभियंता एवं लेखा लिपिक–कम्प्यूटर ऑपरेटर के रूप में सेवा प्राप्त करने हेतु जिला स्तरीय पैनल में चयन हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं, जिनकी आरक्षण कोटिवार संख्या निम्नवत है :–

क्रं0	सेवा का नाम	पद की संख्या	आरक्षण वर्ग					क्षैतिज आरक्षण संबंधी विवरणी
			ST	SC	BC-I	BC-II	UR	
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	कनीय अभियंता	16	07	01	–	–	08	
2	लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर	17	07	01	–	–	09	

उपर्युक्त रिक्त पदो के विरूद्ध नियुक्ति हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से दिनांक 21.10.2021 तक अपराह्न 5.00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इस संबंध में अन्य ब्यौरा/ जानकारी निम्न है :–

1. उपरोक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता उम्र सीमा, नियुक्ति की प्रक्रिया आवेदन समर्पित करने की प्रक्रिया एवं आवेदन के लिए विहित प्रपत्र, आवेदन शुल्क तथा सेवा अनुबंध पर सेवा प्राप्त करने हेतु जिला स्तरीय पैनल निमार्ण हेतु सेवा शर्त विभागीय अधिसूचना संख्या– 395/पं0 दिनांक 19.02.2021 एवं पत्रांक– 410 दिनांक 22.02.2021 एवं पत्रांक– 447 दिनांक 25.02.2021 के द्वारा निर्धारित की गयी है, जिसकी प्रति इस सूचना के साथ संलग्न है।
2. आवेदन शुल्क का भुगतान डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के द्वारा किया जायेगा, जो उपायुक्त, सिमडेगा के पदनाम से सिमडेगा में भुगतेय होगा। (अन्य किसी तरह से देय शुल्क मान्य नहीं होगा।)
3. आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में भरे जायेंगे जिसे वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है। सिमडेगा जिले की वेबसाईट www.simdega.nic.in है।
4. स्थानीयता एवं आरक्षण का लाभ लेने हेतु अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमडेगा अथवा उपायुक्त, सिमडेगा के द्वारा निर्गत स्थानीय प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र की

स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न की जाय। सभी शैक्षणिक योग्यता/अनुभव प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति भी आवेदन के साथ संलग्न किया जाय।

5. आवेदन भेजने का पता– उपायुक्त, समाहरणालय, सिमडेगा (पंचायत शाखा), पिन–835223 है।
6. आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक के द्वारा कार्यालय अवधि में भेजा जा सकता है, जो दिनांक –21.10.2021 के अपराह्न 5.00 बजे तक उक्त पते पर निश्चित रूप से पहुँच जाय। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन तथा अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
7. आवेदन पत्र ई–मेल (dprosimdega@yahoo.in) के माध्यम से भी समर्पित किया जा सकता है, परंतु इसकी भी प्रति स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक के द्वारा कार्यालय अवधि में भेजे जाने होंगे।

09.10.21
उपायुक्त,
सिमडेगा।

ज्ञापांक 488(ii)/पं0, सिमडेगा, दिनांक 09.10.21

प्रतिलिपि :– अधोहस्ताक्षरी के सूचना पट्ट पर प्रकाशनार्थ।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, सिमडेगा को विभागीय अधिसूचना संख्या–395 दिनांक 19.02.2021/पत्रांक 447 दिनांक 25.02.2021 के साथ सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि इस जिले के वेबसाईट पर उपर्युक्त सूचना एवं दोनों विभागीय अधिसूचना को अविलंब अपलोड करना सुनिश्चित किया जाय।

प्रतिलिपिः– जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, सिमडेगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि कम से कम तीन दैनिक समाचार पत्रों में सूचना का प्रकाशन कराना सुनिश्चित करेंगे।

09.10.21
उपायुक्त,
सिमडेगा।